उत्तराखण्ड अन्तरिक्ष उपयोग केन्द्र

सूचना प्रौद्योगिकी, सुराज एवं विज्ञान प्रौद्यौगिकी विभाग

उत्तराखण्ड शासन

अपर आमवाला, नालापानी, देहरादून–248008

विज्ञापन संख्या– 10/2026

उत्तराखण्ड अन्तरिक्ष उपयोग केन्द्र के अन्तर्गत राज्य सरकार द्वारा वित्त पोषित गतिमान विभिन्न परियोजनाओं के अन्तर्गत अनुबन्ध के आधार पर क्रमशः 04 जूनियर प्रोजेक्ट फैलो एवं 01 फील्ड असिस्टेंट की आवश्यकता है। इस हेतु ऐसे अभ्यर्थी, जो निम्नानुसार पदों के अनुरूप योग्यता रखते हों, वे अपना आवेदन पत्र जो निदेशक, उत्तराखण्ड अंतरिक्ष उपयोग केन्द्र, देहरादून को सम्बोधित हों, के साथ अपने मूल अभिलेखों, अन्य प्रमाण पत्रों, आधार कार्ड एवं पासपोर्ट साइज फोटो के साथ दिनांक 04.11.2026 को पूर्वान्ह 10:30 बजे वाक–इन–इन्टरव्यू में सम्मिलित हो सकते हैं। जूनियर प्रोजेक्ट फेलो एवं फील्ड असिस्टेंट के पदों हेतु अनिवार्य/अधिमानी अहर्ता तथा मानदेय निम्नानुसार निर्धारित है:–

क्रं0 सं0	पद/संख्या	योग्यता	नियत पारिश्रमिक
'1.	**जूनियर प्रोजेक्ट फेलो–04**	**अनिवार्य**– किसी भी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से 55% अंकों के साथ रिमोट सेंसिंग एण्ड जी.आई.एस./इन्वायरमेंट साइंस/जियोइन्फोमेटिक्स/लाईफ साइंस/फॉरेस्ट्री/जियोग्राफी/अर्थसाइंस/हाइड्रोलोजी एवं भौतिकी विषय में स्नातकोत्तर उपाधि। **उम्रः** सामान्य संवर्ग हेतु **अधिकतम 28 वर्ष।** **अधिमानी**– आर.एस./जी.आई.एस. से सम्बन्धित सॉफ्टवेयर का समुचित ज्ञान, उत्तराखण्ड के क्षेत्रों में फील्ड कार्य का अनुभव, विभिन्न इमेज प्रोसेसिंग, रिमोट सेसिंग और जी.आई.एस. आधारित परियोजनाओं/उद्योगों में कार्य करने का अनुभव, जी.पी.एस. द्वारा कार्य करने का अनुभव एवं समुचित कम्प्यूटर ज्ञान वाले शोधार्थियों को वरीयता दी जाएगी। आरक्षित श्रेणी के अभ्यर्थियों के लिए न्यूनतम 50% अंक आवश्यक होंगे।	जूनियर प्रोजेक्ट फैलो पद के लिए रू0 24,000/– + 16% की दर से मकान किराया भत्ता प्रतिमाह
3.	**फील्ड असिस्टेंट –01**	**अनिवार्य**– किसी भी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से स्नातक की उपाधि तथा समुचित कंप्यूटर ज्ञान। **उम्रः** सामान्य संवर्ग हेतु **अधिकतम 42 वर्ष।** **अधिमानी**– कम्प्यूटर चलाने का मौलिक ज्ञान एवं उत्तराखण्ड के पर्वतीय क्षेत्रों में कार्य करने का अनुभव।	फील्ड असिस्टेंट पद के लिए रू0 18,000 /– + 16% की दर से मकान किराया भत्ता प्रतिमाह

अन्य शर्तें–

1. आवेदन पत्र के साथ अभ्यर्थी को अपने समस्त प्रमाण पत्रों, आधार की छायाप्रतियां एवं पासपोर्ट साईज फोटो संलग्न करना अनिवार्य है।
2. उपरोक्त नियुक्तियां परियोजनाओं के अस्थायी पदों हेतु अनुबन्ध के आधार पर है। वर्णित पोजीशन पर नियुक्ति विभिन्न परियोजनाओं हेतु मार्च, 2027 तक के लिये की जाएगी। कार्य संतोषजनक न पाए जाने पर केन्द्र को उनका अनुबन्ध कभी भी समाप्त करने का अधिकार सुरक्षित होगा। परियोजनाओं की निर्धारित अवधि के पूर्ण होने के उपरान्त उक्त पोजीशन स्वतः ही समाप्त हो जाएंगी।

3. साक्षात्कार में सम्मिलित होने हेतु कोई टी.ए./डी.ए. देय नहीं होगा।
4. जूनियर प्रोजेक्ट फैलो (जे.पी.एफ.) के लिये आयु सीमा 28 वर्ष एवं फील्ड असिस्टेंट के लिये 42 वर्ष है। अनुसूचित जाति/जनजाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग के अभ्यर्थियों के लिये आयु में नियमानुसार छूट उपलब्ध होगी। आयु की गणना दिनांक 01.01.2026 को की जायेगी।
5. उक्त परियोजना के अन्तर्गत आबद्धित किसी अभ्यर्थी को उत्तराखण्ड अन्तरिक्ष उपयोग केन्द्र में किसी पद पर संविलियन/नियमतीकरण की कोई सम्भावना नहीं है।
6. उपरोक्त रिक्त पदों को न भरने का अधिकार केन्द्र के पास सुरक्षित हैं।
7. समस्त प्रकरणों पर निदेशक, यू–सैक का निर्णय अन्तिम एवं बाध्यकारी होगा।

निदेशक, यू–सैक